**@shahjahanpurpol**

**प्रेस नोट- सराहनीय कार्य- दिनाँक- 18.01.21**

# SOG टीम ने ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट लीग मैच पर सट्टे की खाई बाडी करते हुए 05 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, 61050/- रूपये नगद,08 मोबाइल आदि माल बरामद ।

श्री एस. आनन्द पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर निर्देशानुसार जनपद में जुआं व सट्टा की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे प्रभावी अभियान के अन्तर्गत श्री संजय कुमार पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एंव श्री प्रवीण कुमार क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण मे SOG पुलिस टीम को बडी सफलता मिली।

दिनांक 17.01.2021 की दोपहर करीब 15.50 बजे SOG पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर **मो0 बिजलीपुरा मे पवन राठौर के गैराज/टैंट गौदाम मे** आस्ट्रेलियन क्रिकेट लीग बिग बैश मैच पर सट्टे की खाईबाडी करते हुए 05 अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से भारी मात्रा मे नगदी, सट्टा पर्ची/रजिस्टर, मोबाइल आदि माल बरामद किया गया। इस सम्बंध मे थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 034/2021 धारा ¾ सार्वजनिक जुआं अधि0 पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## पूछताछ का विवरणः-

अभियुक्तो ने पूछताछ करने पर बताया कि भारत मे IPL की तरह ही वर्तमान मे आस्ट्रेलिया मे क्रिकेट लीग बिग बैश के मैच चल रहे है जिस पर हम लोगो को सट्टा खिलाते है। उक्त मैचो पर मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन रहकर सट्टे का भाव का पता चलता रहता है। सट्टा लगाने वाले व्यक्ति मोबाइल फोन के माध्यम से हमसे भाव पूछकर बिट लगाते है जीतने व हारने पर सीधे बैंक एकाउण्ट मे ऑनलाइन ट्रांसफर कर देते है तथा कुछ लोग नगद भी लेनदेन करते है। आज मेलबर्न स्टार्स व मेलबर्न रेनीगेट्स के मध्य दोपहर से मैच चल रहा था जिसमे काफी ज्यादा मात्रा मे सट्टा लगाया जा रहा था कि आपके द्वारा पकड लिया गया। पूछताछ के दौरान प्रकाश मे आये अन्य तथ्यो एवं सट्टा रजिस्टरों मे पाये गये नामों के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी।

## गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण:-

1-नितिन गुप्ता पुत्र श्री चन्द्रगुप्ता नि0 बाबूजई थाना कोतवाली जनपद शाहजहांपुर
2-पारूल राठौर पुत्र श्री रामनरेश नि0 बिजलीपुर थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।
3-सोनू पुत्र रामशरण नि0 बिजलीपुर थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।
4-अशोक पुत्र छोटेलाल नि0 बिजलीपुर थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।
5-ऋषिकुमार पुत्र हरिराम पुत्र बाबूजई थाना कोतवाली जनपद शाहजहांपुर।

## बरामदगी का विवरण:-

| | | |
|---|---|---|
| 1-61050/- रूपये नगद | 2-08 मोबाइल | 3-मैच की लाइन |
| 4-सट्टा हिसाब रजिस्टर/ पेन | 5-09 सट्टा पर्ची विभिन्न मैच की | 6-02 मोबाइल फोन चार्जर |
| 7-एक एक्सटेंशन बिजली बोर्ड | | |

## पुलिस टीम का विवरण -

| | |
|---|---|
| 1-उ0नि0 श्री रोहित कुमार प्रभारी SOG टीम | 2-मु0आ0 राजाराम पाल SOG टीम |
| 3-मु0आ0 अमरजीत SOG टीम | 4-मु0आ0 उदयवीर SOG टीम |
| 5-कां0 दिलीप कुमार SOG टीम | 6-कां0 अजय SOG टीम |
| 7-कां0 तौसीम SOG टीम | 8-कां0 ज्ञानेन्द्र प्रताप SOG टीम |
| 9-कां0 कुशल पाल SOG टीम | 10-कां0 चा0 कपिल SOG टीम |
| 11-कां0 अजय सर्विलांस सेल | 12-कां0 संजीव सर्विलांस सेल। |